मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-247
30/07/2019

# जल्द से जल्द प्रारंभ हो पटना मेट्रो का कार्य :– मुख्यमंत्री

पटना 30 जुलाई 2019 :– आज 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री चैतन्य प्रसाद द्वारा पटना मेट्रो रेल परियोजना पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रस्तुतीकरण के क्रम में प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग ने मुख्यमंत्री को पटना मेट्रो परियोजना से संबंधित अब तक की प्रगति से अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना मेट्रो का काम जल्द से जल्द शुरू कराया जाय। उन्होंने कहा कि प्रोपोज्ड मेट्रो कॉरिडोर से संबंधित भूमि अधिग्रहण की दिशा में भी समुचित कार्रवाई शीघ्रातिशीघ्र सुनिश्चित की जाय।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री सुरेश शर्मा, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त श्री सुभाष शर्मा, प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास श्री चैतन्य प्रसाद, प्रधान सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, प्रधान सचिव वित्त श्री एस० सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, अपर सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय श्री चंद्रशेखर सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******